an>

Title: Discussion on the motion for consideration of the Indian Institutes of Information Technology Bill, 2014 (Discussion not concluded).

HON. CHAIRPERSON : Item No. 12B.

Hon. Members, before I call Shrimati Smriti Zubin Irani, hon. Minister of Human Resource Development, to move motion for consideration of the Indian Institutes of Information Technology Bill, 2014, I have to inform the House that hon. Minister vide communication dated 24th November 2014 has intimated that the President having been informed of the subject matter of the Indian Institutes of Information Technology Bill, 2014 recommends to the House the consideration of the Bill under article 117(3) of the Constitution.

माननीय सभापति : इस पर बहस के लिए दो घण्टे समय निर्धारित है, यदि सदन की सहमति हो, तो इसके लिए दो घण्टे समय दिया जाए।

कुछ माननीय सदस्य: जी, हां।

माननीय सभापति : सदन की सहमति है।

माननीय मंत्री जी, आप बोलिए।

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी) : सभापति महोदय, I beg to move*:

> "That the Bill to declare certain institutions of information technology to be institutions of national importance, with a view to develop new knowledge in information technology and to provide manpower of global standards for the information technology industry and to provide for certain other matters connected with such institutions or incidental thereto, be taken into consideration."

महोदय, राष्ट्र के नवनिर्माण में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एक अहम भूमिका निभाएगी, इस बात पर किसी को न संदेह है, न इन्कार है। आपके माध्यम से मैं सदन से निवेदन करना चाहती हूं कि इस बिल के माध्यम से इलाहाबाद, ग्वालियर, जबलपुर और कांचीपुरम में इंडियन इंस्टीट्यूट्स ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी को इंस्टीट्यूट्स ऑफ नेशनल इम्पोर्टेंस के रूप में घोषित करने का हमारा प्रयास है। डिलॉयट की एक रिपोर्ट है, जिसके अंतर्गत इस संभावना को व्यक्त किया गया है कि वर्ष 2020 तक भारत का इलेक्ट्रानिक्स इम्पोर्ट बिल भारत के ऑयल इम्पोर्ट बिल से भी ज्यादा होगा। इसलिए इस बात की दरकार है कि हम अपनी आईटी हार्डवेयर कैपेसिटी को स्पेशलाइज्ड इंस्टीट्यूशन्स, जो बिल के तहत आते हैं, बढ़ाएं। आपके माध्यम से मैं सदन के सामने यह निवेदन करना चाहती हूं कि इस बिल पर चर्चा कर, इस बिल को पारित कर इलाहाबाद, ग्वालियर, जबलपुर और कांचीपुरम स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट्स ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी को डिग्री देने की मान्यता प्राप्त हो, ऐसा आशीर्वाद यह सदन इन चारों संस्थानों को दे।

प्रधान मंत्री जी ने डिजिटल इंडिया का एक सपना देखा था, वह सपना तभी साकार होगा जब हम नई नॉलेज के माध्यम से अपने विद्यार्थियों को सशक्त करेंगे ताकि वे डोमेस्टिकली एवं इंटरनेशनली ग्लोबल स्टैंडर्ड्स की नई शिक्षा का संचार कर सकें और साथ ही हम मैनपावर तैयार कर सकें। इसलिए डिजिटल इंडिया के सपने को सशक्त करने के लिए, सुदृढ़ करने के लिए मैं इस सदन से एक बार फिर निवेदन करती हूं कि इंडियन इंस्टीट्यूट्स ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के इस बिल पर अपने विचारों को व्यक्त कर इसे पारित करने में अपना योगदान एवं समर्थन दें।

HON. CHAIRPERSON: Motion moved:

> "That the Bill to declare certain institutions of information technology to be institutions of national importance, with a view to develop new knowledge in information technology and to provide manpower of global standards for the information technology industry and to provide for certain other matters connected with such institutions or incidental thereto, be taken into consideration."

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): महोदय, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि एक अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक, जिसके उद्देश्य एवं कारणों को माननीय मंत्री जी ने रेखांकित किया है, पर बोलने का अवसर दिया है। आज के परिवेश में पूरे विश्व के सामने जिस तरह से इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में हम आगे बढ़ रहे हैं, उस समय आवश्यकता यह है कि हम वर्ष 2020 तक इसको अग्रणी दिशा में ले जा सकें। इस संबंध में यह विधेयक लाया गया है। मंत्री जी ने उल्लेख किया है कि वर्तमान समय में जो चार आईआईआईटी हैं, जिनमें से इलाहाबाद में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, ग्वालियर में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, जबलपुर में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी डिजाइन एवं विनिर्माण संस्थान और कांचीपुरम में सूचना प्रौद्योगिकी डिजाइन एवं विनिर्माण संस्थान हैं। ये चारों संस्थान अभी अलग-अलग अधिनियमों एवं संस्थानों द्वारा संचालित होते हैं।

पहली बार इस सरकार का प्रयास है कि हम इन संस्थानों को एक एक्ट के अंतर्गत लाकर उनके लिए विधान बना सकें और इन संस्थानों को इतना मजबूत कर सकें कि जिस तरह से आज पूरी दुनिया में हमारे आईआईटी और आईआईएम की पहचान बन चुकी है उसी तरह से भविष्य में आईआईआईटी की भी पहचान पूरी दुनिया के फलक पर स्थापित हो सके। इस दिशा में सरकार ने पहल की है। इस पहल के पीछे उद्देश्य यह है कि जब हम आईआईआईटी की बात करते हैं तो आपको याद होगा कि कांचीपुरम को हमने 20.6.2011 को अध्यादेश के माध्यम से बनाया लेकिन इस सदन में वह विधेयक के रूप में पारित नहीं हो सका, फिर भी संस्थान की स्थापना हो गयी। आज किसी संस्थान को अगर हम विश्वस्तरीय बनाना चाहते हैं और उसके लिए हमारे पास कोई एक्ट न हो, कोई कानून न हो, कोई विधेयक न हो, सिर्फ एक अध्यादेश आया और वह लैप्स हो गया, वह विधेयक की शक्ल नहीं ले सका तो कम से कम आज उस कांचीपुरम के संस्थान को, ग्वालियर के, जबलपुर के और इलाहाबाद सहित चारों संस्थानों को मिलाकर एक एक्ट के तहत जब इसे विश्वस्तरीय संस्थान बनाने की दिशा में जब हम प्रयास कर रहे हैं तो निश्चित तौर पर यह एक सराहनीय कदम है। मैं समझता हूं कि इस विधेयक को सदन सर्व-सम्मत तरीके से पास करेगा क्योंकि आज भी हमारे पास इंफोर्मेशन टैक्नॉलॉजी के क्षेत्र में, आउट-सोर्सिंग के क्षेत्र में अच्छे विद्वान हैं, नौजवान हैं और जिस तरीके से माननीय मंत्री जी ने कहा कि 2020 तक हमारा एक्सपोर्ट बढ़ेगा, तो उस समय तक हम दुनिया के सबसे नौजवान देश होंगे और जब केवल इसमें चार आईआईआईटी हों और इन चार की आवश्यकता अगर हम पूरी दुनिया को आईटी के क्षेत्र में दे सकें, एक्सपर्ट-प्रोफेसर दे सकें जिसको बार-बार प्रधान मंत्री जी कहते दुनिया से "मेक इन इंडिया" की बात कहते हैं तो यह भी इस सरकार की एक दृष्टि है कि हम पूरी दुनिया को आईटी के क्षेत्र में मास्टर या प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रोफेसर्स दुनिया को क्यों नहीं दे सकते हैं। हमारे पास एक्सीलेंस है, टेलेंट है, इसलिए उस दिशा के लिए भी

यह पहल की गयी है। इस विधेयक को लाने के पीछे मकसद यह है कि अभी जो ये चारों संस्थान हैं इन्हें एकीकृत करके इन्हें राष्ट्रीय स्तर का बनाया जाए। आखिर नेशनल महत्व के लेवल पर इसपर किसकी असहमति हो सकती है। प्रोद्योगिकी संस्थान सूचना और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में आज अलग-अलग संस्थानों के द्वारा संचालित हो रहे हैं। हमारा प्रयास है कि उन्हें हम इस पार्लियामेंट के एक्ट के द्वारा वित्तीय रूप से, अकेडमिक रूप से मजबूत कर सकें, एक्सीलेंस में मजबूत कर सकें जिससे उनसे निकले हुए छात्र पूरी दुनिया में अपना एक स्थान बना सकें। इसलिए आज जो हम विष्वस्तर पर जनशक्ति भी देना चाहते हैं, उस स्तर के लोगों को तभी हम शक्ति दे सकते हैं जब हम एक इस तरह का आईआईआईटी का एक करीकुलम एक साथ करें।

अभी इलाहाबाद में भारतीय सूचना प्रोद्योगिकी संस्थान है, दूसरा ग्वालियर में अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रोद्योगिकी संस्थान है, तीसरा जबलपुर में पंडित द्वारिका प्रसाद मिश्रा भारतीय सूचना प्रोद्योगिकी डिजाइन और विनिर्माण संस्थान है और कांचीपुरम में भारतीय सूचना प्रोद्योगिकी डिजाइन और विनिर्माण संस्थान है। स्वाभाविक है कि आज ये चारों अलग-अलग संस्थानों के द्वारा संचालित हैं और इनको एक दिशा में करने के लिए आज यह विधेयक लाया गया है। मैं समझता हूं कि आज इन चारों संस्थानों को हम एकीकृत करने जा रहे हैं। निश्चित तौर से इसी सदन से मांग उठेगी और आज हर राज्य के मुख्यमंत्री मांग करते हैं कि हमारे राज्य में अभी आईआईटी नहीं है, तो आईआईटी दिया जाए। पिछले दिनों हमारे मानव संसाधन मंत्रालय ने कहा कि जिन राज्यों में भी आईआईटी नहीं है, वहां भी हम आईआईटीज देंगे, आईआईएम देंगे। मैं समझता हूं कि जब हम राष्ट्रीय स्तर के प्रोद्योगिक संस्थानों को बनाने जा रहे हैं तो शायद हर राज्य से मांग उठेगी कि हमारे यहां भी आईआईआईटी खुलें। आज कंप्यूटर के क्षेत्र में, सूचना और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में आप देखें कि जिस तरीके से इसका गांव तक स्तर बढ़ रहा है, छोटे-छोटे स्कूलों में भी कंप्यूटर की क्लासेज हो रही हैं। स्मार्ट क्लासिस के बिना हम आज किसी स्कूल की परिकल्पना भी नहीं कर सकते हैं। मुझे याद है कि जब कम्प्यूटर की बात होती थी तो लगता था कि यदि कम्प्यूटर आएगा तो तमाम लोग बेरोज़गार हो जाएंगे। लेकिन आज कम्प्यूटर सबसे ज्यादा रोज़गार प्रदान करने वाला क्षेत्र बन गया है। आज हम चार संस्थानों को एक कर रहे हैं और आने वाले दिनों में हम इसी तरह के और आईआईआईटी की मांग करेंगे कि आज इनके लिए आप विधेयक बनाएं, लेकिन यदि हम वर्ल्ड क्लास संस्थान सभी राज्यों को देना चाहते हैं तो हमें सभी राज्यों में इसी तरह के संस्थानों की स्थापना करनी होगी।

यदि आप देखें तो संस्थान के जो उद्देश्य और कारण दिए गए हैं, वे बहुत अस्पष्ट हैं। हम इस विधेयक से जो संस्थान तैयार करेंगे वे प्रोद्योगिकी क्षेत्र में राष्ट्रीय महत्व के ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर के होंगे। इन संस्थानों का स्टैंडर्ड विश्व स्तर का होगा। इन आईआईआईटी संस्थानों का महत्व केवल इस देश तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया में स्थापित होगा। इन संस्थानों से निकले हुए लोगों को पूरी दुनिया में मान्यता मिलेगी।

आज पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा तरक्की इनफोर्मेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हो रही है। आईटी के कारण पूरी दुनिया बहुत छोटी हो गयी है। आप अपने कमरे में बैठकर इंटरनेट या गूगल पर दुनिया के किसी भी संस्थान के बारे में इनफोर्मेशन इकट्ठा कर सकते हैं। आज दुनिया में किसी देश का मूल्यांकन उसकी परिसम्पतियों से या उसकी गगनचुम्बी इमारतों से या अट्टालिकाओं से नहीं होता है, बल्कि प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में, इनफोर्मेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में वह कितनी तेजी से तरक्की कर रहा है, उससे निर्धारित होता है और हम भी उसी तरह से अपनी पहचान पूरी दुनिया में बना सकते हैं। हमारा देश इस दिशा में जिस प्रकार से बढ़ने का प्रयास कर रहा है, उसमें यह विधेयक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुझे लगता है कि इस विधेयक से इस सदन में शायद ही किसी की असहमति होगी। माननीय मंत्री जी ने कहा कि शिक्षा एक मूल तत्व है और मानव संसाधन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बिना शिक्षा के हम फयूचर जनरेशन को तैयार नहीं कर सकते। उनके एजुकेशन के स्टैंडर्ड को तय करने के लिए इस विधेयक से टेक्नोलॉजी के द्वारा मानव संसाधन का विकास भी होगा और समाज के उत्थान में योगदान भी होगा।

इन चार संस्थानों को शुरू करना एक छोटी सी शुरूआत रही होगी, लेकिन इसने समय के साथ उद्योग जगत में विष्वसनीयता के साथ अपनी एक जगह बनायी है। यदि हम वैष्विक क्षेत्र के परिप्रेक्ष्य में इसे देखें तो यह उद्योगों के लिए ये संस्थान साबित होंगे। इन संस्थानों के माध्यम से हम दुनिया से टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में मुकाबला कर सकते हैं, चाहे वह चीन, जापान, कोरिया, यू.एस. और यूरोप हो। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का पिछले पांच महीनों में जिन देशों का दौरा हुआ है, उनके राष्ट्राध्यक्षों ने जो मान्यता दी है, उसने कहीं न कहीं इस देश के एक्सीलेंस को भी मान्यता दी है। वह सम्मान केवल उनका नहीं है। देश में 125 करोड़ देशवासियों का सम्मान हुआ है जो भारत के बाहर प्रधान मंत्री जी ने किया। उन्होंने आस्ट्रेलिया, कैनबरा में जाकर कहा होगा कि हम भारत के लोग आज सक्षम हैं। उन्होंने मेक इन इंडिया की बात कही, साथ ही यह भी कहा कि भारत इसमें भी सक्षम है कि हम पूरी दुनिया को अच्छे प्रोफेसर, वैज्ञानिक दे सकते हैं। आईटी के क्षेत्र में हम अच्छे इंजीनियर्स को दे सकते हैं। अगर प्रधान मंत्री जी ऐसा कहकर आए तो उसको कहने के बाद केवल वह कहने की बात नहीं रह गयी कि प्रधान मंत्री जी दौरे में गये और उन्होंने ऐसा कह दिया। मैं समझता हूं कि अभी वह कहकर आए हैं और आज यह सरकार तुरंत उसको वास्तविकता के धरातल में उतारने के लिए इस विधेयक की शक्ल में लेकर आयी है। इसलिए निश्चित तौर से यह विधेयक अमल में आएगा।

जो बातें उन्होंने कही हैं, उस स्तर के हमारे नौजवान तैयार होंगे कि जो हम पूरी दुनिया को इस बात के लिए चुनौती दे सकते हैं कि सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वे दुनिया में जहां कहीं भी होंगे तो लगेगा कि भारत एक शृंखला में क्रांति कर रहा है। आज लगता है कि हम चार संस्थानों को एक कानून के दायरे में ला रहे हैं। लेकिन वह कानून के दायरे में नहीं है, आज इन संस्थानों में जिस तरीके से अलग अलग मैनेजमेंट है, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स है, मैं उस पूरे विधेयक के विस्तार में नहीं जाना चाहता हूं। लेकिन मैं समझता हूं कि इसमें एकरूपता आएगी और जिस तरीके से उन चारों संस्थानों में भारत सरकार से एक सपोर्ट मिलेगा, इस एक्ट के बनने के बाद उस संस्थान के उसी महत्व की बात कही गयी कि कहीं न कहीं जो हमारे दिमाग में है या देश की जनता के दिमाग में आईआईटी के बारे में जो रैपुटेशन है, अगर अभी पूरी दुनिया में आईआईटी, आईआईएम की पहचान है, तो अभी यह तीसरा संस्थान इंडियन इस्टीट्यूट ऑफ इंफोर्मेशन एंड टैक्नोलॉजी है। ट्रिपल आईआईटी की भी पहचान पूरी दुनिया में बनने जा रही है। इस बात के लिए मैं अपने मंत्री जी को बधाई दूंगा कि कम से कम एक अच्छा विधेयक क्योंकि अगर हमें दुनिया से मुकाबला करना है तो हमें अपनी शिक्षा को मजबूत करना पड़ेगा। जब तक हम अपनी शिक्षा में गुणात्मक सुधार नहीं लाएंगे, तब तक हम पूरी दुनिया से मुकाबला नहीं कर सकते हैं। अगर हम अपनी शिक्षा में सुधार नहीं करेंगे तो हमारे पास कितनी भी बड़ी ह्यूमन रिसोर्सेज हों, उस ह्यूमन रिसोर्सेज को तराशने का काम यह संस्थान करेगा।

आज यू. एस. कोई छोटी छोटी चीजें नहीं बनाता है। वे छोटी छोटी चीजें जापान से, भारत से, कोरिया से लेते हैं। लेकिन फिर भी दुनिया में अगर उनकी इकोनॉमी मजबूत है तो उसके पीछे कारण केवल यह है कि रिसर्च एंड डवलपमेंट में उनका मजबूत काम है। वे नयी-नयी तकनीक को पूरी दुनिया में बेचते हैं और उस तकनीक से वे जिस तरह से पैसा कमा रहे हैं, आज पूरी दुनिया में ऐसा लगता है कि वे मजबूत हैं। मैं समझता हूं कि जिस दिन हम ट्रिपल आईआईटी को इस विधेयक से मजबूत करेंगे और आने वाले दिनों में इसका विस्तार करेंगे तो शायद यू एस से भी ज्यादा इकोनॉमी हमारी मजबूत होगी, ऐसा मेरा विष्वास है। निश्चित तौर से ऐसा सभी का विष्वास होगा। हम इस दिशा में एक क्रांति करने जा रहे हैं।

आज सदन इसको सर्वसम्मति से पारित करेगा क्योंकि सूचना एवं प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में जिस तरीके से माननीय मंत्री जी ने प्रकाश डालते हुए कहा है कि इस सरकार का उद्देश्य यह है कि हम सबसे सर्वोच्च उत्कृष्ट मानव तैयार करें। इसके पीछे क्या कल्पना है? इसके पीछे कल्पना यह है कि व्यक्ति तो है लेकिन उस व्यक्ति को हम सबसे सर्वोच्च बना सकें, तकनीकी शिक्षा से सुसज्जित कर सकें और दुनिया के किसी भी छात्र से मुकाबला करने के लिए हम अपने किसी भी संस्थान से निकालें तो वह दुनिया को कम्पीट कर सके, वह इसका उद्देश्य है। मैं समझता हूं कि इससे पवित्र उद्देश्य इस विधेयक का नहीं हो सकता जिसमें सरकार ने यह संकल्प भी लिया है और अगर आप उद्देश्य और कारणों को पढ़िए कि सूचना एवं प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में सर्वोच्च उत्कृष्ट मानव संसाधन तैयार करना इसका उद्देश्य है, तो मैं मेंत्री जी को और सरकार को बधाई दूंगा कि कम से कम इस विधेयक के पास होने से हममें आत्मविष्वास, आत्मबल पैदा होगा कि हम सूचना और प्रोद्योगिकी के मामले में भी दुनिया की प्रतिस्पर्धा में मुकाबला कर सकते हैं।

आज इस विधेयक का केवल सारांश हम कह दें, केवल केन्द्र सरकार द्वारा वित पोषित ये चार ट्रिपल आई.टी. के संस्थान थे, अब इनका एक समान शासित ढांचा किया जाए, इसमें जो पालिसी डिसीजन की बात है, जो नीतिगत ढांचा है, उस नीतिगत ढांचे और समान शासित ढांचे को मिलाकर इन्हें एक स्वतंत्र कानूनी हैसियत भी दी जाए, यानी इन्हें आटोनोमस भी बनाया जाए, यह नहीं कि हम एक डिपार्टमैन्ट बनाकर रखना चाहते हैं या गवर्नमैन्ट के सबऑर्डिनेशन में रखना चाहते हैं। कहीं न कहीं हमारी मंशा साफ है, पवित्र है कि अगर हम इन संस्थानों को ताकत देने जा रहे हैं तो इन्हें हम एक आटोनोमी भी देने जा रहे हैं, जिससे कि वे अपने फैसले ले सके, अपनी रिसर्च कर सकें, नये-नये प्रोग्रामिंग्स कर सकें और पूरी दुनिया के साथ जो बदलते हुए परिवेश हैं, उसका मुकाबला कर सके। इस दिशा में हम इसे एक स्वतंत्र कानूनी हैसियत भी प्रदान करने जा रहे हैं और मैं समझता हूं कि शिक्षा की दिशा में खुद मंत्री जी ने भी कहा कि राष्ट्रीय महत्व की दिशा में हम इन संस्थानों को तैयार करेंगे और इन संस्थानों द्वारा संचालित जो शैक्षणिक पाठ्यक्रम होंगे और दूसरे जो इनके अधीन और संस्थान होंगे, उन संस्थानों को भी डिग्री देने का उपबंध है तो स्वाभाविक है कि इसका विस्तार भी है।

इस विधेयक से केवल हम चार संस्थानों को मान्यता नहीं देने जा रहे हैं, हम इन विधेयकों से चार संस्थानों को जहां अधिकार, समान नीति, समान ढांचा और उन्हें तीगत ताकत, कानूनी स्वतंत्रता देने जा रहे हैं, उसी के साथ-साथ जो उनके द्वारा चलाये जा रहे कालेजेज होंगे, उन कालेजेज को भी डिग्री देने का जो उपबंध होगा, जो मान्यता होगी, वह स्वाभाविक है कि एक उत्कृष्ट स्तर का होगा। शायद आप घंटी बजाने जा रहे हैं, इसलिए मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं। लेकिन मैं सदन से अपील करूंगा कि इस विधेयक को सर्वसम्मत से पारित करने की कृपा करें, जिसे माननीय

मंत्री जी सदन में लेकर आए हैं।

डॉ. बूरा नरसैय्या गौड (भोंगीर) : सभापति महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इस विषय पर बोलने से पहले मैं एक बात बोलना चाहता हूं, यह बात सच है कि अमरीका सोचता है, चाइना बनाता है, हम खरीदते हैं, यह सिलसिला चल रहा है। अमरीका सोचता है कि आईफोन कैसे बनाना है, उसके लिए उन्हें पैसा मिलता है और वह चाइना को मैन्युफैक्चर करने के लिए दे देता है तो वह आईफोन चाइना में बनता है या साउथ कोरिया में बनता है। हम पैसा लगाते हैं, वह फॉरेन एक्सचेंज देकर खरीदता है। इसलिए जैसे माननीय मंत्री जी बोले कि पैट्रोल इम्पोर्ट का जितना पैसा हम लगा रहे हैं, उतना पैसा आलमोस्ट इम्पोर्ट ऑफ हार्डवेयर के लिए हम स्पैंड कर रहे हैं। Therefore, we have to now urgently find out how to cut expenditure on foreign exchange for the purpose of imports. The main thing is petrol import and the other is hardware import.

All the Members know that there are two things in information technology – one is software and the other is hardware. We are excellent in software. That is the reason why the country and the world including the smallest island in the world today have Indian software professionals.

When our respected Pradhan Mantriji went to America and addressed people in the Madison Square, almost a crowd of 16,000 to 20,000 was there to greet him. They were not politicians who went there. Most of them are software professionals and skilled labour. They are part of human resource that we produce and because of that not only they are earning money but they are also earning respect for the country.

Recently, our Pradhan Mantriji went to Brisbane, Australia. He said that Hyderabad is emerging as one of the biggest IT hubs of the country and also world. Let it be Bengaluru or Hyderabad or any other city, we are emerging as the biggest IT professionals and experts in terms of software but we are not able to match in terms of capacity to produce hardware. Neither we have human resource nor we have research capacity nor we have manufacturing units. That is the reason why no country like the US or European countries gives us the contract to make the hardware. That is the reason why our hon. Prime Minister has given a slogan recently, which says, Make in India. I believe that this Make in India cannot happen unless and until there are enough human resources who can make those in India. That is the reason I believe that the institutions like the IITs, the IIMs, IIITs, AIIMS, has been taken under a central scheme and we appreciate it and welcome it and fully support it. But at the same time I wish to mention that no money spent on education is expenditure, it is an investment for the growth of the country. Because we had IIMs, because we have IITs, because we have AIIMS, because we have invested in the public institutes in the various States like the medical collages, we have lakhs of software professionals and doctors who are going abroad and serving in other countries and in return getting us revenues and getting us name and fame, "we are now no more a serpent country but a software country". We whole-heartedly appreciate the Government for taking this initiative by way of this Act so that these four institutes will get the grant-in-aid from the Central Government and they would now be called the institutes of national importance. My request to the Government, particularly to the Minister, is that a mere legislation or making a statement will not be sufficient. We have to really make them institutes of national importance. That is possible only when you have a proper faculty and research facilities on par with an international institute. It is only then we can produce manpower of that quality and we can make the facilities available locally as is being made in Korea, or China. That is possible only when we have a good faculty. What is happening in many institutes, whether it is a central institute or a state institute, we have an acute problem with the faculty. The good faculty is not joining these institutes because they are getting a poor salary. They are not getting a good salary. That is reason they are not joining these institutes and instead they are going abroad where they are getting a pay of Rs. One crore per annum. After passing of this legislation, the Government should design the pay scales in such a way that we are able to attract a good faculty and also let there be research facilities which are on par with the international quality.

Secondly, the hon. Prime Minister has said that Hyderabad is the biggest happening city in terms of information technology. We have got a hardware park which is 1600 acres in area. We have got the human resource. We have got 4 IITs. These are all pan-India institutes and it does not matter to which State you belong to and it should be an all India cadre. My suggestion would be that along with these institutes you club the National Institute of Design. Today when we buy a phone of a Samsung company or any other company, we do not buy it merely for the software but also because of its design. So, in order to focus on the hardware, we should also have a National Institute of Design which can work together with these institutions so that we can get a product of good quality about which we can be proud of. It can also be used for purposes of export. The hon. Minister may kindly take note of this fact.

The other point is that when we see the history of our country, this country was a super power in the middle ages, during the time of the Guptas and others. Owing to that fact, many invaders invaded India. It is because at that time we were making great products in India. We were the manufacturing giants at that time. Unfortunately, over the centuries or decades, we have lost that edge and we forgot how to make those products.

I think it is a good beginning now. We welcome it but I would like to mention only two points. Let not the Government think that any money spent on education is expenditure. Rather, it is an investment.

Secondly, you should make a symphony of the IIITs, specially for the Make In India Programme and Institute of Design in each State. That will help us to have a good output ultimately.

Thirdly, the States which have very good potential should also be considered so that it will give us an immediate push to the products which we are thinking of.

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT, MINISTER OF HOUSING AND URBAN POVERTY ALLEVIATION AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. VENKAIAH NAIDU): Sir, though I could hear him only for some time, I am really very much impressed upon his speech because Parliament and the country need such constructive, meaningful and thought-provoking debates. I would like to appreciate the hon. Member.

SHRI RABINDRA KUMAR JENA (BALASORE): Mr. Chairman Sir, I must thank the Minister for HRD for bringing this Bill at a time when the nation needs it.

Let me first deal with the Jaspal Committee Report. In 2009, it has stressed the need for opening such Institutes where the quality of education will be of primary importance. We must welcome this Bill at a time when the Jaspal Committee Report has identified the need of quality education in the country. So, the Bill is absolutely timely.

Then, I will come to the need and the appetite of Indian students on the technical education. In 2006 -07, there were about 6.5 lakh students who opted for technical education. Whereas in 2013-14, the figure of 6.5 lakhs has gone up to more than 16 lakhs. That shows the kind of appetite which is increasing among the Indian students. Hence, there is a need for this Bill.

Coming specifically to the information technology sector, the IT industry, by 2015-16, is projected to touch as high as 17 billion US dollars. Out of this 17 billion US dollars, 7.8 billion US dollars contribute to the IT service sector itself. In view of all these inputs, it is a very essential and a timely effort to bring this Bill to establish IIITs and to consider such Institutes as Institutes of national importance. I must thank the Government and the hon. Minister for that.

Having said that, I must point out some facts which have not been taken into account in the Bill. The Standing Committee on HRD has recommended a number of inputs which should have been considered as a part of this Bill. Unfortunately, many of them have been lost. I would sincerely urge upon the Government to consider all such points which have not been taken care of in this Bill.

Then, there are a number of stakeholders who have unfortunately not been consulted. If people in the world community know India for certain things, IT is one among them. There are stalwarts of IT in the country. In my opinion, they should have been taken into account while this consultation was taking place. Their inputs could have gone much well to the formation of this Bill.

Then, there is a serious shortage, as was mentioned by our learned friend, of quality faculty members who will be instrumental in making this Institute as an institute of national importance. The Bill is more or less silent on this point.

There is absence of grievance redressal mechanism both for the students and the staff, which in my opinion, should have been a part of this Bill.

Having said this, we are talking today about the four National IIITs which are there in Allahabad, Jabalpur, Gwalior and Kancheepuram. We are talking about 17 billion US dollars investment in the IT sector. Are these four Institutes enough to cater to the growing needs of our students of our country and the world at large?

So, there is a definite need to have more such institutes across the country. We must have at least one IIIT in each State. I sincerely urge upon the hon. Minister to have one IIIT in the State of Odisha from where I come, more specifically in my constituency, Balasore, because Balasore happens to be one of the most literate districts in the whole eastern India. That is my submission.

I must thank the hon. Minister of Human Resource Development for having given one KV to my district. Thank you once again.

श्री एस.एस.अहलुवालिया (दार्जिलिंग): सभापति जी, मैं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी बिल 2014 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

महोदय, मैं अपने पूर्व वक्ताओं को सुन रहा था। मुझे पंडित मदन मोहन मालवीय जी का एक उदाहरण उद्धृत करने में स्वाभिमान महसूस हो रहा है। उन्होंने बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी की कल्पना करते वक्त 1935 में कहा था कि राष्ट्र बनाने के लिए, राष्ट्र को आज़ाद कराने के लिए जिस तरह से स्वतंत्रता सेनानियों की ज़रूरत है, उसी तरह से राष्ट्र को बनाने के लिए, राष्ट्र का निर्माण करने के लिए तकनीकियों की ज़रूरत पड़ेगी। यही कारण है कि बी.एच.यू. एक मल्टी डिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी बनी थी जहाँ भाषा, संस्कृति, कृषि, स्वास्थ्य और सबसे सर्वोपरि था बी.एच.यू. का टैक्नोलाजी डिपार्टमैंट जो आज दुर्भाग्य से आई.आई.टी. का हिस्सा बन गया है। आप जितने पुराने इंजीनियर्स का नाम लीजिए, चाहे वे दक्षिण भारत के हों, मध्य भारत के हों, पश्चिम भारत के हों, चाहे वे उत्तर भारत या पूर्वी भारत के हों, बी.एच.यू. का प्रोडक्ट कोई इंजीनियर आपको कहीं सुदूर असम में मिल जाता है, कहीं सुदूर तमिलनाडु या केरल में मिल जाता है, आंध्र प्रदेश या तेलंगाना में मिल जाता है, महाराष्ट्र में मिल जाता है और कहीं पंजाब में भी मिल जाता है, कश्मीर में मिल जाता है, जो किसी समय के बी.एच.यू. से पढ़े हुए इंजीनियर्स हैं, तो गौरव महसूस होता है। उस वक्त के जो हमारे पूर्व पुरुष थे, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण का ठेका उठा रखा था, उस वक्त जो कर्णधार थे इस राष्ट्र के, उन्होंने जो इसको तैयार किया, यह उस वक्त का उनका सपना था। आज हमारे प्रधान मंत्री जी ने तीन चीज़ें सामने रखी हैं। उन्होंने इन तीन चीज़ों को सामने रखते हुए एक चीज़ पर ध्यान दिया है कि हम सैकेन्ड लार्जेस्ट पापुलेटेड कंट्री हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा जनसंख्या चीन की है और उसके बाद भारत की है। कभी-कभी लोग सोचते हैं कि ज्यादा जनसंख्या राष्ट्र के लिए एक बोझ है पर हमारे दूरदर्शी प्रधान मंत्री जी ने इसको बोझ नहीं समझा। इस जनसंख्या को किस तरह से जनशक्ति में बदला जा सके, उसके लिए एक रास्ता ढूँढ़ा है और यही कारण है कि उन्होंने कहा कि इस ह्यूमन नंबर को हम ह्यूमन रिसोर्स में कैसे बदलें। वैसे तो हमारा ह्यूमन रिसोर्स डैवलपमैंट डिपार्टमैंट 90 के दशक में यूनाइटेड नेशन के कहने पर आया था, उससे पहले एजुकेशन मिनिस्ट्री कहा जाता था, पर उसका सही काम अब शुरू होने जा रहा है और यही कारण है कि उन्होंने कहा कि स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया - ये तीन तरह के कंसैप्ट सामने रखे। किन्तु इन तीनों चीज़ों के लिए जिस इनफ्रास्ट्रक्चर की ज़रूरत है, उस इनफ्रास्ट्रक्चर में हमें बहुत कुछ चाहिए, बहुत कुछ बनाना है। पर ऐसा नहीं है कि हम उस चीज़ में बहुत कमज़ोर हैं। हमारे दूरदर्शी प्रधान मंत्री जी को पता है कि यह आर्यभट्ट का देश है। जिस आर्यभट्ट ने पूरी दुनिया को ज़ीरो का कंसैप्ट दिया, जिनको शून्य क्या होता है, उसका पता नहीं था, जिन्होंने सारी दुनिया को 13 फार्मूला ऑफ एलजैब्रा दिया, वह आर्यभट्ट इसी देश के थे, हमारे पूर्व पुरुष थे। जब सारी दुनिया में वाई टू के का प्राबलम पैदा हुआ था, उस वक्त हमारे देश के मध्य वित्त परिवार और निम्न मध्य वित्त परिवार के बच्चे, जिनके माँ-बाप ने अपने घर के गहने और घर गिरवी रखकर स्कूलों, कालेजों में उनको आईटी की शिक्षा दी थी, उन बच्चों ने जाकर पूरी दुनिया का वाईटूके का प्राबलम साल्व किया था और वे आईटी एंबैसेडर बने थे।

16.00 hrs

आज एक मौका है कि जिस वक्त हम कल्पना कर रहे थे चाहे अमरीका में इंटेल की इंडस्ट्री में चले जाइए चाहे मटरोला में चले जाइए, चाहे डेल की फैक्टरी में चले जाइए। आपको वहां हर आदमी भारतीय दिखेगा। आपको आश्चर्य होगा कि अमरीका में इंटेल की फैक्टरी में सवेरे का ब्रेकफास्ट साउथ इंडियन फूड है क्योंकि वहां सारे खाने वाले साउथ इंडियन हैं। मटरोला की फैक्टरी में चले जाइए, वहां इंडियन फूड है। उनकी कैंटीन में वेस्टर्न फूड नहीं मिलता है क्योंकि वहां काम करने वाले इंडियन हैं। वहां जो बच्चे साफ्टवेयर लिख रहे हैं, वे भारतीय बच्चे हैं और उन्हीं बच्चों के साफ्टवेयर के आधार पर हार्डवेयर भी बनता है। हमारे एक विद्वान मित्र कह रहे थे कि अमरीका सोचता है, मैं कहना चाहता हूं कि अमरीका हमारे दिमाग से ही सोचता है। हमारे जो कर्णधार हैं, वे ही उसका ब्लू प्रिंट तैयार करते हैं और वही ब्लू प्रिंट वहां पास होता है। The idea is conceived by the Indian people. It is conceptualised by the Americans but, ultimately, converted by the Indians into reality. Ultimately, it is manufactured in China and, ultimately, you have the capacity to buy it. That is why, you are called consumers and we are always consumers.

16.02 hrs (Shri Hukum Singh *in the Chair*)

हमारा यह पैसा बाहर न जा सके, जैसा मंत्री जी ने कहा, डिलाइट की रिपोर्ट सही कहती है, कि एक दिन ऐसा आएगा जैसा कि आज सबसे ज्यादा फारेन एक्सचेंज क्रूड ऑयल के लिए जाता है, एक दिन इससे भी ज्यादा हमारा फारेन एक्सचेंज हार्डवेयर खरीदने के लिए जाएगा। मैं दो चीजें ले कर घूमता हूं। एक मेरा फोन है और दूसरा मेरा आई-पैड है। दोनों ही कम्प्यूटर हैं और मैं समझता हूं कि भारत का शिक्षित जवान अपने साथ आज एक कम्प्यूटर ले कर घूम रहा है। कम्प्यूटर की तकनीक हमें पता है। वह हमारे बच्चों द्वारा बनाई गई है। उसका साफ्टवेयर हमारे बच्चों ने बनाया है लेकिन हम जिस पैसे से खरीद रहे हैं, वह पैसा चीन में जा रहा है। यह जो कंसेप्ट है कि " मेक इन इंडिया " हम जब बनाएंगे, तो बनाने के लिए जिन चीजों को लागू करना है, वह लागू करने का पंडित मदन मोहन मालवीया जी का सपना है कि राष्ट्र के निर्माण के लिए हमें टेक्नोलोजिकल लीडर्स पैदा करने पड़ेंगे, उसकी जरूरत है और उसकी शुरूआत इन चार इंस्टीट्यूट्स से समाप्त नहीं होती है। मैं अपने पूर्ववक्ताओं से पूरी तरह सहमत हूं लेकिन मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से गुजारिश करूंगा और मंत्री जी के माध्यम से प्रधानमंत्री जी को कि वे आह्वान दें, क्योंकि विश्व के जितने भी तकनीकी विश्वविद्यालय हैं या तकनीकी डिपार्टमेंट हैं या फैकलटी हैं, वहां का जो हैड आफ दि डिपार्टमेंट है वह इंडियन है। वह इंडियन वहां पढ़ा रहा है और उसी के पढ़ाए हुए, उसी से प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए छात्र दुनिया में नाम कमा रहे हैं। उन्हें भारत में आने का आह्वान देना चाहिए। एक नया सपना सेल्फ रिलायंस का हमने देखा है। सेल्फ रिलायंस के सपने में कुछ और नहीं तो कम से कम हम राष्ट्र को आत्मनिर्भर कैसे बनाएं, क्योंकि हम राष्ट्र को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं, तो उस तरह की फैकलटी की जरूरत है, उस तरह की व्यवस्था की जरूरत है और उसके लिए मैं समझता हूं कि यह काम जो शुरू किया गया है, यह अंततः सही रूप तभी ले सकेगा जब हम उसकी पूरी कमांड खड़ी करेंगे। इसी आईसीटी में इन्हीं टेक्नोलोजी के माध्यम से युद्ध सेनाओं के बीच में नहीं होगा, आज मिसाइल से युद्ध नहीं होगा, आज युद्ध न्यूक्लियर से भी नहीं होगा, किंतु आपके न्यूक्लियर चलाने वाले जो कम्प्यूटर हैं, उन्हें हम हैक करके बर्बाद कर देंगे। आज युद्ध साइबर सोल्ज़र द्वारा होगा। अगर साइबर सोल्ज़र भी तैयार करने हैं तो उन्हें जो ईथीकल हैकिंग का कांसेप्ट देना है या उसकी पढ़ाई-लिखाई करनी है वह भी हमें इंफोर्मेशन कम्यूनिकेशन टेक्नोलोजी के माध्यम से ही देनी है। उनके पास भी ऐसे इक्विपमेंट्स होने चाहिए, जिनसे कि उन्हें यहां बैठ कर सब चीजों का पता चल सके। हमें इन चीजों का पता नहीं चलता। रोज पाकिस्तान का अटेक होता है, हमें दिखता है, बार्डर पर जब गोली चलती है, जिसकी आवाज सुनाई पड़ती है, उसकी बात सुनाई पड़ती है, किन्तु रोज जो हमारे कम्प्यूटर हेक किए जाते हैं या हमारे लोग जो उनके कम्प्यूटर हेक करते हैं, उसकी आवाज सुनाई नहीं पड़ती। यह एक ऐसी टैक्नोलॉजी है, जो भविष्य में पूरे सिस्टम को, पूरे देश को क्रिप्पल कर सकती है। आप कल्पना कर सकते हैं, आपका एयरपोर्ट का जो एयर ट्रेफिक कंट्रोल है, अगर वह हेक हो गया तो आपके यहां या तो एक्सीडेंट हो जाएंगे और या कोई जहाज उतर नहीं सकेगा। उसी तरह फौज का जो टर्मिनल है, वह हेक हो गया तो आप कुछ भी नहीं कर सकते। आप इंडियन एयरफोर्स को कमांड देते रहिए, आपके जहाज उड़ेंगे ही नहीं। अब इस तरह की टैक्नोलॉजी भी सामने आ रही है। हमें सिर्फ ये कम्पीटिशन मेक-इन-इंडिया के लिए नहीं, ऐसे मेधावी बच्चों को शिक्षा देने के लिए हमें फेकेल्टी की जरूरत है और फेकेल्टी के साथ-साथ रिसर्च की भी जरूरत है।

सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि प्रधानमंत्री जी एक आह्वान करें कि विदेशों में जो भारतीय बैठे हैं, इस तकनीक को पढ़ा रहे हैं और दूसरे देशों को लाभान्वित कर रहे हैं, उनको लाभान्वित न करके, उनको थोड़ी सी यहां पर फ्रीडम दी जाए। उनको शोध करने का अवसर दिया जाए और वे यहां पढ़ा कर ऐसे बच्चे तैयार कर सकें, ऐसा शिक्षण और प्रशिक्षण दे सकें कि हम एक स्वाभिमानी, गौरवमयी भारत का निर्माण कर सकें, यही कह कर मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

SHRI K.N. RAMACHANDRAN (SRIPERUMBUDUR): Hon. Chairperson, Sir, this is the right time for the Bill. Being an educationist, I think, this is the right time for debate and discussion. This Bill has come to Parliament at the right time. This is the right time, I hope, for such a Bill. The prevailing scenario is correct. At present, IT education and IT establishments are in a pathetic condition. In the last few years, students have second thought about taking up technical education, particularly IT. For example, TCS, INFOSYS are in a panic condition. Introduction of this Bill has given us good hope. This is the correct time. I would like to humbly thank the HRD Minister and the Government for bringing in this Bill. I certainly extend support.

Apart from that, because of the prevailing situation, two years back, our *Amma* and State Government, distributed three lakh laptops for technical and other students. Apart from that, software training was provided by the State Government to all students, particularly those who completed engineering course, communication course and IT. My small request to the hon. Minister is that the Central Government should act as backbone of the students community and younger generation. This the the correct Bill. Through this Bill, we have to install software parks, and hardware parks.

Now a days, getting faculty is difficult. The Central Government should show interest and instigate faculty development. Our students go to the US and overseas to grow. China is leading now. We have to think over this aspect. We have to form a Special Team or Committees with academicians and educationists. This is my humble suggestion. We fully support this Bill.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : महोदय, मैं माननीय मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किए गए इस बिल का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं आदरणीय मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि अपने देश में शिक्षा के विस्तार के लिए, मानव संसाधनों के विकास के लिए और समाज के उत्थान में इस बिल के बहुत बड़े योगदान को देखते हुए मैं इनको पुनः धन्यवाद देना चाहता हूं। ये जो चार संस्थान बनेंगे, उससे जो छात्र शिक्षा ग्रहण करके निकलेंगे वे आने वाले समय में भारत के लिए बहुत बड़ा योगदान देंगे।

महोदय, वह भी एक समय था जब कि हम अमेरिका के आगे बहुत गिड़गिड़ाए, हमने कहा कि हमें कंप्यूटर चीप चाहिए लेकिन अमेरिका ने कम्प्यूटर चीप तो नहीं दी, बल्कि अंकल चीप हमारे हाथ में पकड़ा दी। इसी तरह से हम रूस के बहुत बड़े मित्र माने गए, हमें पूरी आशा थी कि रूस हमें क्रायोजेनिक इंजन की टेक्निक देगा। लेकिन हमारे लाख प्रयत्नों के बावजूद रूस ने हमें वह टेक्निक नहीं दी। आज हिन्दुस्तान को एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जिसकी सोच सारे विश्व में निराली है। जो लोग कल तक भारत को सपेरों का देश कहा करते थे, बाजीगरों का देश कहा करते थे, आज हिन्दुस्तान की इस महान भूमि से एक ऐसा नेतृत्व उभर कर सामने आया, जो अमेरिका कल तक हमारे ऊपर प्रतिबंध लगता था, वहीं आज माननीय बराक ओबामा खुलकर भारत का स्वागत करते हैं। क्या परिदृश्य बदला है, आज से दस साल पहले अमेरिका कहा करता था कि मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम काम है, आज वही अमेरिका कह रहा है मोदी जी के लिए दिल की महफिल सजी है चले आइए, बस आपकी कमी है चले आइए। आज चाहे आस्ट्रेलिया हो, चाहे सार्क के देश हों, चाहे ब्रिक्स के देश हों, आज आदरणीय प्रधानमंत्री जी सार्क सम्मेलन में गए हैं। चारों ओर भारत की पताका फहरा रही है। मैं अभी मंत्री जी की चंडीगढ़ विजिट का वर्णन करना चाहूंगा। अभी मंत्री जी चंडीगढ़ गई थीं, सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऐसे क्रांतिकारी कदम लाने वाली हैं। मैंने वहां से उनके मन की बात को भांपा कि किस तरह से जितने भी आईआईएम हैं, आईआईटी हैं, सभी छात्रों के लिए हर तरह की टेक्नीक चाहे वह इंटरनेट की टेक्निक है, चाहे डिजिटल टेक्निक है। उन्होंने घोषणा की कि देश के हर छात्र को सभी टेक्नोलॉजी प्रदान कराने के लिए इसे वेबसाइट पर डाल दी जाएंगी। आज जब मैं सदन के अंदर आया तो एक क्रांतिकारी सप्लीमेंटरी बिजनेस की जो लिस्ट प्राप्त हुई, उससे हमें लगा कि भारत फिर से अपने पैरों पर खड़ा होकर दुनिया के सामने अपना स्थान बनाएगा। इन संस्थानों के अंदर एक और अच्छी बात रखी गई है कि इसमें प्रवेश पाने के लिए न कोई नस्ल होगी, न कोई धर्म होगा, न कोई जाति होगी। बल्कि हिन्दुस्तान के करोड़ों अनुसूचित जाति और जनजाति के लोग जो अपनी फाइनेंशियल स्थिति के कारण पिछड़ गये हैं, उन्हें आगे बढ़ने का मौका देगा। इन संस्थानों में ऐसे छात्रों को हर प्रकार की मदद देने का प्रावधान किया गया है।

मुझे इस बात की खुशी है कि जब भी कोई नयी पहल होती है, जैसे कहा गया कि "हम अकेले चले थे मंजिल की ओर, लोग मिलते चले गये, कारवां बनता चला गया।" आज ये चार संस्थान राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बन रहे हैं। यहां से प्रतिभाशाली छात्र शिक्षा ग्रहण करके बाहर निकलेंगे। आने वाले समय में न जाने कितने इस प्रकार के संस्थान खड़े होंगे जो भारत को विश्व में एक महान देश बनाने में हमारी मदद करेंगे। आज भी भारत इंटरनेट के क्षेत्र में तीसरे नम्बर पर है। हम संसार में चाइना और अमेरिका के पश्चात् तीसरे नम्बर पर इंटरनेट यूजर्स के रूप में आते हैं। लेकिन हमारे

प्रौद्योगिकी संस्थान जिस प्रकार से दिन-रात तरक्की करते जा रहे हैं, आने वाले समय में वह समय दूर नहीं होगा, जो हमारे प्रधान मंत्री का विजन है, वे चाहते हैं कि आने वाले समय में भारत चीन की अर्थव्यवस्था को पीछे पछाड़ते हुए, अमेरिका को भी पीछे पछाड़ते हुए दुनिया का नम्बर वन राष्ट्र बने, ये संस्थान इस प्रकार की प्रतिभाशाली शक्तियां पैदा करने में निर्णायक भूमिका निभायेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करते हुए आदरणीय मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।

SHRIMATI KAVITHA KALVAKUNTLA (NIZAMABAD): Thank you, Sir, for the opportunity to speak on this wonderful Bill. I fully support the Indian Institutes of Information Technology Bill. At the outset, I would like to bring to the notice of the House the wonderful words spoken by Gurudev Rabindranath Tagore. Gurudev says:

"Don't limit a child to your own learning, for he was born in another time."

